# मुख्यमंत्री ने श्रीनिवास राव को किया सम्मानित




**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी के सचिव डा. के. श्रीनिवास राव को ललित होटल में आयोजित जी न्यूज 'एजुकेशन कॉन्क्लेव 2025' में उनके असाधारण प्रयासों, दूरदर्शी नेतृत्व और शैक्षिक परिदृश्य को बदलने के प्रति बेजोड़ समर्पण के लिए एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदान किया।

**■ असाधारण प्रयासों, दूरदर्शी नेतृत्व व शैक्षिक परिदृश्य को बदलने के लिए मिला सम्मान**

'एजुकेशन कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को दर्ज करने, नवाचार को बढ़ावा देने और विचारकों, शिक्षकों और संस्थानों के बीच सर्वोत्तम प्रयासों को साझा करने के लिए किया जाता है।

डॉ. राव ने इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा 'शिक्षा का मिशन, भविष्य का विजन' में भी भाग लिया और साहित्य एवं शिक्षा तथा उसमें साहित्य अकादमी के योगदान की भी चर्चा की। इस सम्मेलन में शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण व्यक्तित्व, राजनेता आदि शामिल थे।